प्रेस नोट जनपद खीरी

दिनाँक 01.06.2024

पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोदय के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में अपराध नियंत्रण व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के दौरान विगत 24 घंटे में जनपद के विभिन्न थानों द्वारा निम्न कार्यवाही की गयीः-

थाना पसगवां पुलिस द्वारा, चोरी की घटनाओं का सफल अनावरण करके 02 नफर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया, चोरी के लैपटॉप, टैबलेट, मोबाइल तथा अवैध तमंचा व कारतूस बरामद

पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, श्री गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निकट पर्यवेक्षण में संपूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 01.06.2024 को थाना पसगवां पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 103/2024 धारा 380/411/457 भादवि व मु0अ0सं0 169/2024 धारा 380/411/457 भादवि का सफल अनावरण करके 02 नफर अभियुक्तों 1.इसरत अली पुत्र स्व0 अफसर अली निवासी ग्राम राभा थाना पिहानी जनपद हरदोई 2.कमल अस्थाना पुत्र स्व0 मुन्नूलाल अस्थाना निवासी ग्राम बरौनी चुंगी कस्बा संडिला थाना संडिला जनपद हरदोई को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियक्तों के कब्जे से मुकदमा उपरोक्त से संबंधित चोरी के 02 अदद टेबलेट, 01 एक अदद लैपटॉप व 02 अदद मोबाईल तथा एक अदद देशी तमंचा 12 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस बरामद किया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही करके अभियुक्तों का चालान मा० न्यायालय भेजा गया है।

<u>गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण:-</u>
1.इसरत अली पुत्र स्व0 अफसर अली निवासी ग्राम राभा थाना पिहानी जनपद हरदोई
2.कमल अस्थाना पुत्र स्व0 मुन्नूलाल अस्थाना निवासी ग्राम बरौनी चुंगी कस्बा संडिला थाना संडिला जनपद हरदोई

<u>बरामदगी का विवरण:-</u>
चोरी के 02 अदद टेबलेट,
01 एक अदद लैपटॉप व 02 अदद मोबाईल
एक अदद देशी तमंचा 12 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस

<u>गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीमः-</u>
1.उ0नि0 राहुल सिंघल चौकी प्रभारी जेबीगंज थाना पसगवाँ
2.हे0का0 अनिल कुमार थाना पसगवाँ
3.हे0का0 रामेन्द्र कुमार सिंह थाना पसगवाँ
4.का0 अंकित हुड्डा थाना पसगवां

<u>अवैध शराब के विरूद्ध कार्यवाही; विगत 24 घंटे में 100 लीटर अवैध शराब बरामद कर 05 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया</u>

पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, श्री गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निकट पर्यवेक्षण में जनपद खीरी में अवैध शराब के निष्कर्षण, बिक्री व परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत विगत 24 घंटों में जनपद खीरी के विभिन्न थानों द्वारा कार्यवाही करते हुए **100 लीटर अवैध शराब** बरामद कर **05 अभियुक्तों** को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम के अंतर्गत **05 अभियोग** पंजीकृत किए गए।